

आईपीएल लंबा होता है। बॉलीवुड के जुडने से मनोरंजन पर ज्यादा फोकस होता है। दूसरी ओर पीएसएल छोटा, अधिक रोमांचक और मैदान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा वाला होता है। रुसो यही नहीं रुका उसने आगे कहा कि, दोनों लीग के अपने-अपने फायदे और नुकसान है। - राइली रुसो

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज, आईपीएल और पीएसएल की तुलना करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — भुवनेश्वर कुमार



**पावरप्ले** में वैभव सूर्यवंशी ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को खास तौर पर परेशान किया। भुवी के दो ओवरों में उन्होंने 26 रन बटोरे। पहले ओवर में उन्होंने भुवी को दो चौके जड़े, जबकि पारी के पांचवें ओवर में 17 रन लूट लिए। पांचवें ही ओवर में उन्होंने सिर्फ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। ये टी-20 गेम है। वह युवा है और बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह काफी परिपक्वता के साथ खेल रहा है लेकिन हमें ऐसा नहीं लगा कि कोई हमें हावी होकर मार रहा है। अगर 15 साल का खिलाड़ी इस तरह खेल सकता है तो ये टी-20 का ही हिस्सा है हम ज्यादा चिंतित नहीं हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** युवराज सिंह की सबसे तेज़ फिफ्टी (अर्धशतक)12 गेंदों में है, जो उन्होंने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ डरबन में लगाई थी। इस ऐतिहासिक पारी के दौरान उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 6 छक्के भी जड़े थे।

# आईपीएल के आयोजन में आरसीए देगा पूर्ण सहयोग : डॉ. मोहित

## आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग में जिला संघों के समन्वय, घरेलू क्रिकेट सत्र, आरपीएल, निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, आरसीए क्रिकेट ऑपरेशन में सुधार पर चर्चा

जयपुर, 11 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव की अध्यक्षता में आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग आज दोपहर 2 बजे आरसीए कार्यालय, आरसीए अकादमी, सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित हुई। आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग में संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव, सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बेनीवाल, अरिष्ट सिंघवी उपस्थित रहे ।

संयोजक के अनुसार मीटिंग में मुख्य रूप से जयपुर में आईपीएल के आयोजन में राज्य सरकार, राजस्थान रॉयल्स को पूर्ण सहयोग आरसीए का घरेलू क्रिकेट सत्र व क्रिकेट ऑपरेशन्स में सुधार, जिला क्रिकेट संघों से समन्वय व लंबित कार्यों को दूर कर जिलों में सुविधाओं के विकास, राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) के आयोजन की रुपरेखा, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद से समन्वय, राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थानका प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों हेतु आरसीए अवार्ड समारोह, जयपुर में निर्माणाधीन आरसीए के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की समीक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

**संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव** ने बताया कि हमारी एडहॉक कमेटी का मुख्य उद्देश्य जल्द से जल्द राज्य के युवा खिलाडियों को एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कर उन्हें एक उच्च स्तरीय खेल सुविधा उपलब्ध कराना है व जिसका उद्धघाटन हम राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा करवाना चाहते हैं इसलिए आज सभी सदस्यों ने स्टेडियम के निर्माण के सभी सहयोगियों बीसीसीआई, आरसीए, बैंक व हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सहयोग की समीक्षा कर सभी के मध्य सामंजस्य बना स्टेडियम के निर्माण के मार्ग को प्रशस्त किया जाये।

आरसीए राजस्थान में क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था होने व राज्य में खेल के प्रति आधिकारिक जिम्मेदारी होने से हमारी एडहॉक कमेटी जयपुर में



आरपीएलके आयोजन में राज्य सरकार, बीसीसीआई व राजस्थान रॉयल्स को पूर्ण सहयोग देगी व साथ ही हम राज्य सरकार के आदेशानुसार आईपीएल के आयोजन, खेल मैदान, वेन्यू व मीडिया प्रबंधन सहयोग सहित हर स्तर पर पूर्ण सहभागिता देंगे।

बीसीसीआई कीराष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थानका प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन करने वाले विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष / महिला खिलाडियों को सम्मानित करने हेतु आगामी मई माह में आरसीए अवार्ड समारोह आयोजित किया जायेगा।

**सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर** के अनुसार आज एडहॉक मीटिंग में राजस्थान के युवा खिलाडियों को आईपीएल जैसा उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) के आयोजन द्वारा देने पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने बताया की मीटिंग में पिछले आरपीएलजो गंभीर खामियां अनावश्यक रूप से पूर्व कार्यकारिणी द्वारा की गयी थी जिससे न केवल राज्य के युवा खिलाडियों को कई परेशानियों हुई थी साथ ही टीमों की नीलामी व एग्रीमेंट, खिलाडियों व सर्विस एजेंसियों को मैच फ़ीस व अन्य वित्तीय समस्याओं का सामना सहित आवश्यक खेल सुविधाओं से जो गम्भीत त्रुटिपूर्ण समझौता किया गया था उसे दूर कर हम केवल और केवल खिलाडियों को उच्च स्तरीय खेल वातावरण उपलब्ध कर उन्हें अपना शानदार प्रदर्शन दिखाने के लिए एक उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएँगे।

**सदस्य आशीष तिवाड़ी** ने बताया कि मीटिंग में आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो से समन्वय कर समस्त राज्य में खेल का विकास करेंगे। उन्होंने बताया की जिला क्रिकेट संघ आरसीए की रीढ़ है व उनके बिना राज्य में खेल का विकास करना लगभग असंभव है। हमारी कमेटी जिला क्रिकेट संघो से न केवल समन्वय स्थापित करेगी साथ ही जिला क्रिकेट संघो को प्रतिमाह जिले में खेल सुविधाओं के विकास हेतु 1 लाख रूपये का अनुदान देगी। आगामी दिनांक 15 अप्रैल से 31 मई के दौरान ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमे जिले के युवा खिलाडियों के प्रशिक्षण हेतु अधिक से अधिक खेल सुविधाओं को उपलब्ध करने के लिए आरसीए द्वारा 1 लाख रूपये का अनुदान दिया जायेगा

**एडहॉक सदस्य अर्जुन बेनीवाल** के अनुसार एडहॉक मीटिंग में आरसीए से जुड़े सभी लीगल मामलों क समीक्षा की जा रहे है व जल्द से जल्द सभी विवादित जिला क्रिकेट संघो व आरसीए से सम्बंधित लीगल मामलों की निपटाया जायेगा।

**एडहॉक कमेटी सदस्य अरिष्ट सिंघवी** के अनुसार आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र के आयोजन के सम्बन्ध में हमने टीमों के स्पोर्ट स्टाफ, आरसीए पेनल के मैच ऑफिशल्स, खिलाडियों से व्यापक चर्चा की है व हमें क्रिकेट गतिविधियों के आयोजन के दौरान सभी उनके अनुभव व्यापक जानकारी प्राप्त हुई है। हम आगामी क्रिकेट सत्र में खेल गतिविधियों के आयोजन, क्रिकेट ऑपरेशन्स में व्यापक सुधार लाएंगे जिससे खेल व खिलाडियों को आवश्यक खेल सुविधाओं व सर्विस प्राप्त हो।

## तीन हार के बाद चेन्नई को नसीब हुई जीत

# दिल्ली कैपिटल्स को 23 रनों से हराया





चेन्नई, 11 अप्रेल। चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2026 के 18वें मुकाबले में 23 रनों से हराया। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार तीन हार के बाद पहली जीत है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा।

चेन्नई सुपर किंग्स ने सैमसन के शतक की बदौलत 20 ओवर में दो विकेट खोकर 212 रन बनाए, इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने अच्छी शुरुआत के बावजूद लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 189 रन ही बना सकी। चेन्नई के लिए ओवर्टन ने तीन विकेट चटकाए। चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ संजू सैमसन के शतक की बदौलत 20 ओवर में दो विकेट खोकर 212 रन बनाए। संजू ने चेन्नई के लिए सर्वाधिक 113 रन बनाए। दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स को केएल राहुल और निसांका ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 30 गेंद में 61 रन की साझेदारी हुई। राहुल 10 गेंद में 18 और निसांका 24 गेंद में 41 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल एक रन ही बना सके। समीर रिजवी ने 6 रन बनाए। डेविड मिलर 14 गेंद में 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। आशुतोष 19 रन बनाकर आउट हुए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 गेंद में 60 रन बनाए।

पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी रही है। संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ के बीच पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी हुई। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 18 गेंद में 15 रन बनाए। सैमसन ने 56 गेंदों की नाबाद पारी में 15 चौकों और चार छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। उन्हें दूसरे छोर से आयुष महात्रे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने रिटायर आउट होने से पहले 36 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। सैमसन के आईपीएल करियर का यह चौथा शतक और सुपरकिंग्स के लिए पहला शतक है। कैपिटल्स के लिए एकमात्र सफलता अक्षर पटेल को मिली।

## पीएसएल 2026 में बड़ा बवाल, डैरिल मिशेल ने उस्मान तारिक के एक्शन पर उठाए सवाल, खेलने से किया इंकार

नई दिल्ली, 11 अप्रेल। पीएसएल (पाकिस्तान सुपर लीग) के 18वें मैच में क्वेटा ग्लैडिएटर्स का मुकाबला रावलपिंडीज़ से हुआ। ग्लैडिएटर्स ने शानदार जीत दर्ज की, लेकिन डैरिल मिशेल और उस्मान तारिक के बीच की एक घटना सुर्खियों में छा गई। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, डैरिल मिशेल उस समय वायरल हो गए जब उन्होंने क्वेटा ग्लैडिएटर्स के उस्मान तारिक के विवादास्पद गेंदबाजी एक्शन के कारण उनका सामना करने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि तारिक अक्सर अपने गेंदबाजी एक्शन को लेकर चर्चा में रहते हैं और कई लोग उन पर गेंद को चक करने का आरोप लगाते हैं।

हालाँकि, यह घटना दूसरी पारी के मध्य ओवरों में घटी; डैरिल मिशेल तारिक का सामना करने के लिए तैयार थे। लेकिन जैसे ही पाकिस्तानी गेंदबाज ने अपने ट्रेडमार्क रन-अप की तैयारी की, मिशेल, जो स्पष्ट रूप से निराश थे, कई बार क्रीज से उठकर चले गए। मैच की बात करें तो, क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत की और पहली पारी में 182 रन बनाए। सऊद शकील ने 42 रनों के साथ पारी की शुरुआत की, वहीं रिले रोसौव ने 53 रन और हसन नवाज ने 39 रन बनाकर टीम में अपना योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रावलपिंडीज की टीम लय में नहीं आ पाई और लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही, जिसके चलते उसे हार का सामना करना पड़ा।

## पिच क्यूरेटर तापोश चटर्जी को आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर डॉ. मोहित ने दी चेतावनी



जयपुर, 11 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर डॉ मोहित यादव ने पिछले दिनों मीडिया में दिए गए बयानों को लेकर पिच क्यूरेटर तापोश चटर्जी को चेतावनी दी गई है। आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर डॉ. मोहित ने बताया कि इस तरह की बयानबाजी आरसीए एडहॉक कमेटी के रहते हुए अब नहीं दी जा सकेगी। आरसीए से जुड़े हुए सभी कर्मचारियों को सूचित किया गया है कि जब तक पीआरओ मनीष शर्मा द्वारा ऑफिशियल न्यूज जारी नहीं की जाती है तब तक कोई भी किसी मीडिया को अपनी तरफ से बयानबाजी नहीं कर सकता है। अगर कोई भी इस तरह की बात करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर डॉ. मोहित ने कहा कि हमने पिच क्यूरेटर तापोश चटर्जी को इस बार चेतावनी दी है कि आइंदा ऐसा नहीं होना चाहिए।

## अभिषेक शर्मा ने बल्ले से उड़ाया गर्दा, सनत जयसूर्या की बराबरी पर पहुंचे

मुल्लांपुर, 11 अप्रैल। आईपीएल 2026 में शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस मैच में अभिषेक ने 8 छक्के और पांच चौके की मदद से 28 गेंदों में 74 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस दौरान सिर्फ 18 गेंदों पर फिफ्टी जमा दी। पंजाब किंग्स के खिलाफ लगातार तीसरे मैच में अभिषेक ने 50 प्लस स्कोर बनाया है। अभिषेक को पार्टटाइम स्पिनर शशांक सिंह ने अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। पावरप्ले में अभिषेक ने तेज गेंदबाजों अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट और विजयकुमार वैशाक की जमकर खबर ली। पारी के पांचवें ओवर में तो अभिषेक शर्मा ने विजय कुमार को चार छक्के लगाए। अभिषेक ने अपनी इनिंग्स के दौरान 8 में से सात छक्के पावरप्ले में जड़े।

## पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर लगाई जीत की हैट्रिक, अय्यर-प्रियांश और प्रभसिमरन का चला बल्ला



मुल्लांपुर, 11 अप्रैल। पहला मैच पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। मुल्लांपुर में खेले गए इस मुकाबले को पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हरा दिया। इस दौरान कप्तान श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन ने बेहतरीन पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा। बदले में पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन बनाए। श्रेयस अय्यर, प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या ने अर्धशतक जड़े।

हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद पर 74 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन ने 33 गेंद पर 39 रन बनाए। ट्रेविस हेड ने 23 गेंद पर 38 रन बनाए। अनिकेत वर्मा ने 9 गेंद पर 18 रन बनाए। सलिल अरोड़ा ने 9 रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी बिना खाता खोले और हर्ष दुबे 1 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स के लिए शशांक सिंह ने 3 ओवर में 10 रन देकर 2 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह ने 50 रन देकर 2 विकेट लिए जेवियर बार्टलेट ने 42 रन देकर 1 विकेट लिए।

पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने 33 गेंद पर नाबाद 69 रन बनाए। प्रियांश आर्या ने 20 गेंद पर 57 और प्रभसिमरन ने 25 गेंद पर 51 रन बनाए। शशांक सिंह ने 9 गेंद पर नाबाद 15 रन बनाए। नेहल वढेरा ने 14 और कूपर कोनोली ने 12 गेंद पर 11 रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शिवांग कुमार ने 3 विकेट लिए। हर्ष दुबे ने 1 विकेट लिया। पंजाब किंग्स के 4 मैच में 7 अंक हो गए हैं। वह अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है।



## आयुष शेट्टी एशियन बैडमिंटन चैम्पियनशिप के फाइनल में

नई दिल्ली, 11 अप्रेल। भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। आयुष से पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में मेंस सिंगल्स में गोल्ड जीता था। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में डबल्स खिताब जीता था। 20 साल के आयुष ने चीन के झेजियांग में खेले गए सेमीफाइनल में टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन थाई प्लेयर कुन्लावत वितिदसर्न को तीन गेम में हराया।

## मध्य प्रदेश वेटरन टीम ने राजस्थान वेटरन टीम को 38 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया

इंदौर, 11 अप्रैल। मध्य प्रदेश वेटरन क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मध्य क्षेत्र वेटरन क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश वेटरन टीम ने राजस्थान वेटरन टीम को 38 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। मध्य प्रदेश की ओर से कप्तान सोहेल मसूद ने 87 रन नाबाद की शानदार पारी खेली, जबकि सैयद ज़ामरान जावेद कादरी ने 40 रन नाबाद बनाए। साथ ही कादरी ने गेंदबाज़ी में 18 रन देकर 4 विकेट लेकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। संजीव पटेल ने भी 25 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। राजस्थान टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए।



टीम की ओर से पंकज धुल्ड (36 रन) और समी खान (31 रन) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजस्थान की ओर से प्रमोद यादव और बनवारी लाल जाटोलिया ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में राजस्थान की ओर से हनुमत सिंह भाटी ने 58 रन और अभिषेक शर्मा ने 49 रन बनाए। इसके अलावा रियाज़ खान (15 रन) और बनवारी लाल जाटोलिया (13 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

## वैभव सूर्यवंशी की तारीफ में शशि थरूर ने पढ़े कसीदे

नई दिल्ली, 11 अप्रेल। क्रिकेट जगत में हर तरफ वैभव सूर्यवंशी की चर्चा हो रही है। महज 15 साल की उम्र में इस खिलाड़ी ने अपने बल्ले से जो पहचान बनाई उसने कई लोगों को इसका मुरीद बना दिया है। अभी तक तो क्रिकेट जगत ही वैभव सूर्यवंशी की तारीफ कर रहा था लेकिन अब राजनेता और अपनी इंग्लिश के लिए मशहूर शशि थरूर भी उनके मुरीद हो गए हैं। थरूर ने वैभव की तारीफ में अपने एक्स हैंडल पर लंबी पोस्ट शेयर की। उनकी ये पोस्ट आरसीबी के खिलाफ खेली गई वैभव की पारी के बाद आई है। वैभव ने शुक्रवार को आरसीबी के खिलाफ गुवाहाटी में 26 गेंदों पर आठ चौके और सात छक्कों की मदद से 78 रन की पारी खेली। थरूर ने इस पारी के बाद वैभव की तारीफ में कसीदे पढ़े। थरूर ने इस दौरान वैभव की तकनीक से लेकर उनके बल्लेबाजी करने के अंदाज तक काफी कुछ लिखा।

## राज्य स्तरीय सीनियर व जूनियर (महिला व पुरुष) आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर, 11 अप्रैल। चैनपुरा इंडोर स्टेडियम में श्री श्री कानसिंह राठोड़, पूर्व महासचिव भारतीय जिम्नास्टिक्स महासंघ की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सीनियर व जूनियर (महिला व पुरुष) आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता के प्रतिवेदन में राज्य सचिव परमेश्वर प्रजापत ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के 225 बालक व बलिका एवं 40 निर्णायक इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे है।

इस अवसर पर मुख्य अतिधि प्रोफ. डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ एवं विशिष्ट अतिथि मनोहर सिंह पूर्व पार्षद, सम्पत सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा, लक्षमन सिंह मंडल अध्यक्ष लाल सागर भाजपा, सुभाष गहलोत मंडल पूर्व अध्यक्ष भाजपा शहर, घनश्याम सोलंकी पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल सागर तथा प्रतियोगिता के भामाशाह हरिसिंह गहलोत व राकेश परिहार ने जिम्नास्ट्स को आशीर्वाद दिया व हौसला बढाया।

उद्घाटन के अवसर पर जिम्नास्ट्स ने विभिन्न उपकरणों पर जिम्नास्टिक्स खेल का प्रदर्शन किया अतिथियों का स्वागत सर्वश्री भागीरथ पूनिया, रतन लाल प्रजापत, आनंद सिंह जोधा, भवानी सिंह खंगारोत द्वारा भवानीसिंह व नरेश सिंह की अगुआई में किया गया। प्रतियोगिता के विशिष्ट अथिति, राज्य संघ के उपाध्यक्ष विक्रम सिंह नाचना ने राज्य सरकार की खेलों के प्रोत्साहन की पञ्च गौरव योजना के सम्बन्ध में जिम्नास्ट्स को जानकारी दी। आयोजन सचिव डॉ. शक्तिसिंह रावलोत ने आगन्तुक अत्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ भागीरथ सिंह, डॉ. अंजू मेवाडा ने किया।

## राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन का वार्षिक कैलेंडर जारी

जयपुर, 11 अप्रैल। राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग संगठन ने अपना वार्षिक कैलेंडर चैंपियनशिप के सहित जारी किया। राजस्थान बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि आगामी ही मैन ऑफ राजस्थान जयपुर में 28 अक्टूबर 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें बॉडी बिल्डिंग के 9 भार वर्ग व मैन्स फिजिक्स के तीन वर्ग रखे जाएंगे। 54 वीं मिस्टर राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन राजसमंद में किया जाएगा, जिसमें 9 भार वर्ग व मैन्स फिटनेस फिजिक में तीन वर्ग होगें तथा मैन्स स्पोर्ट्स फिजिक व वूमेन फिटनेस फिजिक का एक वर्ग रहेगा। 29 वीं जूनियर मिस्टर राजस्थान बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन बूंदी जिले में किया जाएगा, जिसमें 6 भार वर्ग बॉडी बिल्डिंग के व दो वर्ग मैन्स फिजिक्स के रखे जाएंगे। वहीं छठी समर मिस्टर राजस्थान चैंपियनशिप का आयोजन अप्रैल, 2027 महीने में फलोदी में किया जाएगा, जिसमें बॉडी बिल्डिंग के 9 भार वर्ग व फिजिक्स के दो वर्ग रखे जाएंगे। नवीन यादव ने बताया कि 19 अप्रैल को राजस्थान स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय पर एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी साधारण सभा की बैठक प्रातः 11:30 बजे की जाएगी। उक्त बैठक में राजस्थान के अन्य संबंधित मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। उक्त सभी प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिया जाएगा।

## राजस्थान यूनाइटेड एफसी अगले मुकाबले के लिए तैयार

जयपुर, 11 अप्रैल। राजस्थान यूनाइटेड एफसी अब अपने अगले इंडियन फुटबॉल लीग मुकाबले में श्रीनिधि डेक्कन एफसी का सामना करने के लिए हैदराबाद की यात्रा पर निकलते हुए एक महत्वपूर्ण अवे मैच पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार है। यह मैच 12 अप्रैल 2026 को डेक्कन एरीना, हैदराबाद में खेला जाएगा, जिसकी किक-ऑफ शाम 6:30 बजे (आईएसटी) निर्धारित है। लगातार पांच घरेलू मैचों के गहन दौर के बाद, आरयूएफसी अब अपने परिचित माहौल से बाहर कदम रख रहा है, अपने घरेलू समर्थकों के सामने बनाए गए आत्मविश्वास और लय को साथ लेकर। टीम ने इस होम रन के दौरान दृढ़ता और संकल्प का प्रदर्शन किया है और अब वह उसी फॉर्म को अवे मैच में भी दोहराने की कोशिश करेगी। चेयरमैन केके टाक ने कहा कि घरेलू मैदान पर लंबे और चुनौतीपूर्ण मुकाबलों के बाद, अब हम एक महत्वपूर्ण अवे मैच की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान हमारे समर्थकों का साथ अविश्वसनीय रहा है।उनकी ऊर्जा और जुनून ने टीम को आगे बढ़ाया है। हम निश्चित रूप से स्टेडियम में उनकी मौजूदगी को मिस करेंगे, लेकिन हमें विश्वास है कि वे जहां भी हों, हमें अपना समर्थन देते रहेंगे। राजस्थान यूनाइटेड एफसी इस महत्वपूर्ण अवे चुनौती में मजबूत प्रदर्शन करने और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## एसबीएस क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 11 अप्रैल। अंडर-12 पिंकसिटी कप में एसबीएस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 255 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं। विराट ने 110 और राम शर्मा ने 63 रनों का योगदान दिया। यति क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य यादव ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यति क्रिकेट अकादमी 20 ओवर में 74 रन पर ऑल आउट हो गई। एसबीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से विराट ने 3, मयंक और समर ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच विराट को चुना गया।

## तीसरी गुलाबी नगर ओपन शतरंज टूर्नामेंट 2026 का भव्य आगाज

जयपुर, 11 अप्रैल। एसआरएन इंटरनेशनल स्कूल, जगतपुरा में 3 गुलाबी नगर ओपन शतरंज टूर्नामेंट 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। 60,000 की कुल पुरस्कार राशि वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन 11-12 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर भगवती प्रसाद शर्मा हैं, जबकि टूर्नामेंट डायरेक्टर कार्तिकेय जोशी हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 237 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों जैसे जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, दौसा, नागौर, कोटा, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, भरतपुर, अलवर, अजमेर, चूरू, सीकर और झुंझुनू से खिलाड़ी शामिल हुए। इसके अलावा राज्य के बाहर से इंदौर (मध्य प्रदेश) और हरियाणा के खिलाड़ियों ने भी भागीदारी की। टूर्नामेंट के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 राउंड तथा 12 अप्रैल को 3 राउंड खेले जाएंगे। तीसरे राउंड तक कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की है, जिनमें अर्नव गुप्ता, प्रनय चोरड़िया, देवेंद्र कुमार, राज कपूर, कव्यांश जैन, एआईएम वीर कुमार, विक्रमादित्य मुखीजा, अंजु चौमल और आशुतोष गोयल जैसे खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर बढ़त बनाई, वहीं कुछ मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने उच्च स्तर की रणनीति का प्रदर्शन किया। यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि राजस्थान में शतरंज के विकास को भी नई दिशा दे रहा है, जिससे युवा खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है।